हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 नशा मुक्ति का संदेश लेकर छात्रों ने निकाली...



12 यातायात नियमों के पालन पर पुलिस की सख्ती, तीस...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
05 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
7

आड़ापरसी में नशे के खिलाफ ग्रामीणों का मोर्चा, अवैध शराब पर रोक का लिया संकल्प

पखांजूर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत आड़ापरसी में ग्रामीणों ने अवैध शराब और नशीली गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सामूहिक संकल्प लिया। पुलिस की जन-जागरूकता बैठक में महिलाओं और पुरुषों की सहभागिता से ग्राम स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया, जो गांव में अवैध शराब की बिक्री समेत अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर नजर रखेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

थाना पखांजूर पुलिस द्वारा रविवार 4 अक्टूबर को ग्राम पंचायत आड़ापरसी में नशामुक्ति एवं अवैध शराब के खिलाफ जन-जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ गांव में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर सामुदायिक स्तर पर रोक लगाने के लिए लोगों को एकजुट करना रहा। बैठक में पुलिस ने ग्रामीणों को अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने से होने वाले सामाजिक एवं कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति का सबसे अधिक प्रभाव युवा पीढ़ी और बच्चों पर पड़ता है। ऐसे में परिवार और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है कि युवाओं को नशे से दूर रखा जाए तथा गांव में नशे से जुड़ी गतिविधियों को पनपने का अवसर न मिले।

पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की कि गांव में अवैध शराब की बिक्री या अन्य नशीली गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। साथ ही गांव में शांति, सामाजिक सद्भाव और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया।ठक में विशेष रूप से युवाओं एवं बच्चों को नशे से दूर रखने और गांव को सुरक्षित एवं नशामुक्त बनाने के लिए सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया गया। आड़ापरसी के ग्रामीणों की इस पहल से नशामुक्त एवं अवैध शराब मुक्त वातावरण बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों को गति मिलने की उम्मीद है।

अवैध शराब पर नजर रखने सरपंच के नेतृत्व में ग्राम स्तरीय निगरानी समिति 1

नशे के खिलाफ पुलिस और ग्रामीणों की साझा पहल की हुई जमकर तारीफ 2



ग्राम स्तरीय निगरानी समिति का हुआ गठन

बैठक के दौरान ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से गांव में अवैध शराब की बिक्री और अन्य अवैध गतिविधियों को बढ़ावा नहीं देने पर सहमति जताई। ग्राम सरपंच के नेतृत्व में महिलाओं एवं पुरुषों को शामिल करते हुए ग्राम स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया।

सामाजिक अर्थदंड भी लगेगा

ग्रामीणों ने सामाजिक अनुशासन बनाए रखने के लिए समिति के संज्ञान में अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्ति पाए जाने पर पूर्व निर्धारित राशि के अनुसार सामाजिक अर्थदंड लेने पर भी सहमति जताई। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया कि ग्राम स्तर पर लगाया जाने वाला सामाजिक अर्थदंड वैधानिक कार्रवाई का विकल्प नहीं है। अपराध पाए जाने पर पुलिस द्वारा प्रचलित कानून के तहत अलग से कार्रवाई की जाएगी।



स्कूल में गाली-गलौज भृत्य पर अपराध दर्ज

कांकेर। चारामा थानांतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पण्डरीपानी में शराब के नशे में पहुंचकर गाली-गलौज करने और स्कूल का माहौल खराब करने के आरोप में भृत्य सोनसाय बंजारे के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। आवेदक नंद कुमार ध्रुव ने थाना चारामा में शिकायत दर्ज कराई कि समझाइश के बावजूद सोनसाय बंजारे शराब पीकर विद्यालय आता था और प्रबंधन समिति के सदस्यों से भी अभद्र व्यवहार करता था। पुलिस ने आरोपी का चिकित्सकीय परीक्षण कराया, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। आरोपी के खिलाफ धारा 36(च)(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

हाटकोंदल में मां के नाम एक शाम महोत्सव 12 से

दुर्गूकोंदल। शारदीय नवरात्रि पर ग्राम हाटकोंदल (बरपारा) में आदिशक्ति मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा 12 व 13 अक्टूबर को दो दिवसीय एक शाम मां के नाम भक्ति महोत्सव आयोजित किया जाएगा। 12 अक्टूबर को जय गुरुदेव संकीर्तन मानस मंडली कुड़ेरादादर द्वारा मानस पाठ व भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 13 अक्टूबर को दाई के दुलारवा नवरत्न जस झांकी पार्टी पटपर द्वारा महाकाली व मां दुर्गा की जीवंत झांकी और पारंपरिक जस गीत प्रस्तुत किए जाएंगे।

कोड़ेकुर्से में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

दुर्गूकोंदल। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम कोड़ेकुर्से में 5 अक्टूबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक जिलास्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। शिविर में स्त्री रोग, हड्डी रोग, ईएनटी, मेडिसिन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ मरीजों की जांच व उपचार करेंगे। सोनोग्राफी, एक्स-रे, टीकाकरण, आयुष्मान एवं वय वंदना कार्ड बनाने की सुविधा भी मिलेगी। आरबीएसके के तहत बच्चों की जांच और आयुष विभाग की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। शिविर में रक्तदान भी होगा।

घायल महिला की इलाज के दौरान रायपुर में मौत



कांकेर। कोरर साप्ताहिक बाजार से घर लौट रही 66 वर्षीय गंगा निर्मलकर को चिल्हाटी चौक-कोरर डिपो के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बजी 6669 के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल गंगा को कोरर व कांकेर अस्पताल के बाद डीकेएस अस्पताल रायपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट में सिर की चोट से मौत की पुष्टि हुई। पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 125(क), 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया।

दुकान बढ़ाने के चक्कर में सड़क वफुटपाथ घेरना पड़ेगा भारी

सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण 58 दुकान व घर मालिकों को नोटिस

कब्जा नहीं हटाने पर कार्रवाई तय

शहर की सड़कों और फुटपाथ को अपनी दुकान या सामान रखने की जगह समझने वालों पर अब कार्रवाई की तैयारी है। सड़क किनारे दुकानें सजाकर और फुटपाथ पर कब्जा कर आम लोगों की राह रोकने वालों को प्रशासन ने साफ चेतावनी दे दी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और पैदल चलने वालों को सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराने के लिए करीब 58 दुकानदारों एवं मकान मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। संबंधितों को अतिक्रमण हटाने और भविष्य में दोबारा सड़क या फुटपाथ पर कब्जा नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई है।

कांकेर शहर के भीतर लगातार बढ़ रहे सड़क किनारे और फुटपाथ पर अतिक्रमण को लेकर यातायात पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। यातायात व्यवस्था को बाधित करने तथा आम नागरिकों शेष पेज 10 पर

दुर्घटना की रहती है आशंका

खासकर व्यस्त मार्गों और बाजार क्षेत्रों में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के कारण यातायात दबाव बढ़ने की स्थिति बनती है। कई बार पैदल चलने वाले लोगों को फुटपाथ के बजाय मुख्य सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इसी समस्या को देखते हुए संबंधित दुकानदारों और मकान मालिकों को नोटिस जारी कर सार्वजनिक स्थानों को खाली रखने के निर्देश दिए गए हैं।

राहगीरों की राह रोकने वालों पर शिकंजा



यातायात व्यवस्था सुधारने पर जोर

शहर में बढ़ते यातायात दबाव के बीच सड़क और फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त रखना यातायात विभाग के लिए महत्वपूर्ण चुनौती बन गया है। एक ओर जहां वाहन संख्या लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर सड़कों के किनारे अस्थायी दुकानें और सामान रखने से उपलब्ध सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है।

फुटपाथ पर सामान फैलाने पर भी चेतावनी

यातायात प्रभारी ने कहा कि सड़क और फुटपाथ आम नागरिकों के आवागमन के लिए हैं। इन स्थानों का उपयोग दुकान का विस्तार करने, सामान रखने या अन्य निजी गतिविधियों के लिए नहीं किया जा सकता। संबंधितों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी दुकान अथवा मकान की निर्धारित सीमा के भीतर ही गतिविधियां संचालित करें और सड़क या फुटपाथ पर किसी भी प्रकार की सामग्री रखकर आवागमन बाधित न करें। नोटिस के माध्यम से संबंधित दुकानदारों एवं मकान मालिकों को यह भी हिदायत दी गई है कि वे भविष्य में अतिक्रमण न करें।

नरहरपुर में अभियान

सड़कों से गौशाला पहुंचाए आवारा मवेशियों को



- मुनादी कर नरहरपुर में पशुपालकों को पहले दी गई सूचना
- अध्यक्ष के नेतृत्व में समिति-बजरंग दल ने संभाली जिम्मेदारी

सरोना। सड़कों पर बैठे मवेशी, खेतों में घुसकर फसलों को करने वाले नुकसान और रात के अंधेरे में अचानक सामने आ जाने वाले पशु वाहन चालकों, किसानों और आम लोगों के लिए लगातार परेशानी का कारण बनी हुई थी। इस समस्या को देखते हुए मठयारिन दाई शीतला सेवा समिति नरहरपुर एवं गौसेवा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने पहल करते हुए आवारा मवेशियों को सुरक्षित स्थान और गौशाला तक पहुंचाने का अभियान चलाया।

अभियान शुरू करने से करीब 15 दिन पहले समिति की ओर से नगर में मुनादी करवाकर लोगों को इसकी जानकारी दी गई थी। जिन लोगों के घरों में गाय-बछड़े हैं, उन्हें भी पहले से सूचना देकर मवेशियों को खुले में सड़क पर न छोड़ने और सुरक्षित रखने के लिए जागरूक किया गया था। ग्राम सभा अध्यक्ष शरदू मांडवी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान शेष पेज 10 पर

पुलिस का मिल रहा सहयोग

समिति के अनुसार गौशाला में पहुंचाए गए मवेशियों के चारा-पानी, उपचार, सुरक्षा एवं देखभाल की जिम्मेदारी गौशाला प्रबंधन द्वारा निभाई जाएगी। वहीं अपने घर ले जाने वाले गौप्रेमियों द्वारा संबंधित मवेशियों की देखभाल की जाएगी। अभियान में नरहरपुर थाना पुलिस का भी सहयोग मिला।

पुलिस आरोग्य केंद्र-कंप्यूटर लैब का शुभारंभ

सेहत के साथ डिजिटल दक्षता की ओर अग्रसर पुलिस के कदम

पुस्तकालय और काउंसिलिंग सुविधा से पुलिसकर्मियों को मिलेगा बहुआयामी लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कठिन और संवेदनशील परिस्थितियों में ड्यूटी निभाने वाले पुलिसकर्मियों की सेहत, मानसिक सुदृढ़ता और तकनीकी दक्षता को मजबूत करने की दिशा में कांकेर पुलिस ने नई पहल की है। पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ डिजिटल प्रशिक्षण और अध्ययन का अवसर देने के उद्देश्य से पुलिस रक्षित केंद्र कांकेर में पुलिस आरोग्य केंद्र एवं कंप्यूटर लैब का शुभारंभ एडीजी विवेकानंद सिन्हा एवं बस्तर आईजी बद्रीनारायण मीणा के आतिथ्य व पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा की उपस्थिति में हुआ।

पुलिस आरोग्य केंद्र के माध्यम से पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। पुलिसकर्मियों की कठिन ड्यूटी और कार्य परिस्थितियों को देखते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच एवं देखभाल पर जोर दिया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं से भी समन्वय किया जाएगा। पुलिसकर्मियों की डिजिटल दक्षता बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट दक्ष के तहत कंप्यूटर और आधुनिक डिजिटल तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस रक्षित केंद्र में स्थापित कंप्यूटर लैब के माध्यम से अब तक 222 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इससे शेष पेज 10 पर

पुस्तकालय से काउंसिलिंग तक सुविधाएं

पुलिसकर्मियों में अध्ययन की प्रवृत्ति और ज्ञानवर्धन को बढ़ावा देने के लिए पुलिस पुस्तकालय की सुविधा भी शुरू की गई है। पुस्तकालय में पुलिसिंग, कानून, आपराधिक विधि, प्रतियोगी परीक्षाओं, सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक विषयों से संबंधित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई है। पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन को लेकर भी विशेष पहल की जा रही है। नियमित योग एवं मेडिटेशन के साथ मनोरोग विशेषज्ञों के माध्यम से काउंसलिंग की सुविधा दी जा रही है। अब तक 129 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की काउंसलिंग कराई जा चुकी है।

टेलीग्राम पर निवेश का झांसा दिया और युवक से 3.76 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

टेलीग्राम पर निवेश के बदले भारी मुनाफा देने का झांसा देकर एक युवक से 3 लाख 76 हजार 385 रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर थाना चारामा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सल्लू नगर दरगहन निवासी 25 वर्षीय डोमेश्वर यादव के मोबाइल पर टेलीग्राम के माध्यम से एक लिंक आया था। लिंक में दावा किया गया था कि 2 हजार रुपये निवेश करने पर 18 हजार रुपये का मुनाफा मिलेगा। लालच में आकर डोमेश्वर ने एसबीआई खाते से अमेजन पे के माध्यम से 2 हजार रुपये निवेश किए। इसके बाद जब उसे कोई मुनाफा नहीं मिला तो टेलीग्राम के जरिए

अलग-अलग यूपीआई आईडी, बैंक खातों-क्यूआर कोड के माध्यम से भेजी गई रकम



उससे कहा गया कि अधिक राशि निवेश करने पर पूरी रकम के साथ लाभ एक साथ दिया जाएगा। आरोपियों के झांसे में आकर युवक ने अलग-अलग यूपीआई आईडी, बैंक खातों और क्यूआर कोड के माध्यम से लगातार रकम भेजी। शिकायत के अनुसार उसने कुल 3 लाख 76 हजार 385 रुपये विभिन्न खातों और यूपीआई आईडी में ट्रांसफर कर दिए। इसके बावजूद उसे न तो निवेश की मूल राशि वापस मिली और न ही शेष पेज 10 पर

तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को ठोंका, 3 युवकों की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण हुए सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना ज्ञानी चौक कांकेर के पास हुई। हादसे के बाद आसपास के लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए शासकीय कोमलदेव अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रायपुर के हायर सेंटर रेफर किया गया है।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार कोदाभाट निवासी हरी पोटाई ने बताया कि उसका भाई हिमधर पोटाई अपने दोस्त उपेन्द्र विश्वकर्मा और राजकुमार भास्कर के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीपी 8621 से कोदाभाट से सिंगारभाट की ओर जा रहा

दो घायलों को रायपुर रेफर कर पुलिस ने दर्ज किया मामला



था। मोटरसाइकिल उपेन्द्र विश्वकर्मा चला रहा था। तीनों युवक जब ज्ञानी चौक कांकेर के पास पहुंचे, उसी दौरान सामने से आ रहे बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 8225 के चालक ने वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। शेष पेज 10 पर

छापरपारा क्षेत्र के किसानों की बढ़ी चिंता

भारतमाला कॉरिडोर निर्माण से खेतों में जलभराव

रायपुर से विशाखापट्टनम तक निर्माणाधीन भारतमाला इकोनॉमिक कॉरिडोर के निर्माण के चलते बासनवाही, कोटलभट्ठी और छापरपारा क्षेत्र के किसानों की परेशानियां बढ़ गई हैं। किसानों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान खेतों से बारिश के पानी की निकासी के लिए पर्याप्त नाली, पुलिया और अन्य जल निकासी संरचनाओं की व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण बारिश का पानी खेतों में जमा हो रहा है और धान सहित अन्य खरीफ फसलों को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

किसानों के अनुसार पहले बारिश का पानी प्राकृतिक नालों और जल निकासी के रास्तों से आसानी से निकल जाता था, लेकिन सड़क निर्माण के बाद कई स्थानों पर पानी के प्राकृतिक बहाव में बाधा उत्पन्न हुई है। इससे खेतों में लंबे समय तक जलभराव की स्थिति बनी हुई है। किसानों ने बताया कि खरीफ फसल के लिए बीज, खाद, कीटनाशक, खेत की तैयारी, रोपाई और मजदूरी में बड़ी राशि खर्च की गई है।

ऐसे में फसल तैयार होने के समय जलभराव होने से पूरी लागत डूबने की चिंता किसानों को सताने लगी है। किसानों ने प्रशासन से राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम भेजकर प्रभावित खेतों का मौके पर सर्वे कराने तथा फसल नुकसान का आकलन करने की मांग की है। साथ ही नियमानुसार प्रभावित किसानों को मुआवजा देने और सड़क निर्माण क्षेत्र में आवश्यकतानुसार नाली, पुलिया एवं अन्य तकनीकी जल निकासी संरचनाएं बनाने की मांग की गई है। किसानों का कहना है कि सड़क और विकास कार्य क्षेत्र के लिए आवश्यक हैं, लेकिन विकास के साथ किसानों की कृषि भूमि, फसल और प्राकृतिक जल निकासी व्यवस्था की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

किसानों का कहना है कि वे सड़क निर्माण के विरोध में नहीं हैं, बल्कि ऐसी व्यवस्था चाहते हैं जिससे विकास कार्यों के कारण उनकी वर्षों की मेहनत और फसल प्रभावित न हो।

किसानों ने मांगा समाधान



कांग्रेस जांच दल ने लिया जायजा

किसानों की शिकायतों की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को कांग्रेस जांच दल बासनवाही क्षेत्र पहुंचा। दल के सदस्यों ने प्रभावित किसानों से चर्चा की और खेतों में पहुंचकर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। किसानों ने जांच दल को फसल नुकसान की आशंका और जल निकासी की समस्या से अवगत कराया। जांच दल ने किसानों की समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष उठाने तथा संबंधित विभाग और मंत्री से चर्चा कर फसल नुकसान का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

खबर संक्षेप

महतारी वंदन में बेटियां सशक्त बन रही : हेमलता

कोण्डागांव। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के साथ–साथ उन्हें भविष्य की बेहतर योजना बनाने और आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर भी प्रदान कर रही हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से मिलने वाली नियमित आर्थिक सहायता कई परिवारों के लिए रोजमर्रा की जरूरतों के साथ बचत और भविष्य की सुरक्षा का आधार बन रही है। **दोनों बेटियों के भविष्य के लिए कर रहीं बचत :** ग्राम भानपुरी निवासी हेमलता दीवान भी महतारी वंदन योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता का उपयोग अपनी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कर रही हैं। उन्हें योजना के तहत प्रत्येक माह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। हेमलता इस राशि में से 500–500 रुपये अपनी दोनों बेटियों के नाम सुकन्या समृद्धि योजना के खातों में जमा कर रही हैं। **छोटी बचत से तैयार हो रहा आर्थिक आधार :** हेमलता दीवान बताती हैं कि उन्होंने यह निर्णय अपनी दोनों बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से लिया है। उनका मानना है कि आज से की गई छोटी–छोटी बचत आगे चलकर बेटियों की पढ़ाई–लिखाई और उनकी अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में उपयोगी साबित होगी। **बेटियों की शिक्षा को लेकर बना रही योजना :** हेमलता कहती हैं कि बेटियों के भविष्य को लेकर हर माता–पिता की अपनी चिंताएं और जिम्मेदारियां होती हैं। ऐसे में यदि अभी से उनके नाम पर बचत की जाए, तो आने वाले समय में जरूरत पड़ने पर आर्थिक परेशानी कम हो सकती है। हेमलता के अनुसार भविष्य में जमा की गई राशि का उपयोग बेटियों की पढ़ाई–लिखाई अथवा उनकी जरूरत के अनुसार अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में किया जा सकेगा।



कोल्हापुर में गूंजी राष्ट्रसेवा की प्रतिबद्धता, राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए कोण्डागांव के पूर्व सैनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की 27वीं सामान्य प्रतिनिधि सभा का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 2 से 4 अक्टूबर 2026 तक महाराष्ट्र के कोल्हापुर स्थित कनेरी मठ में आयोजित किया गया। देशभर से पहुंचे पूर्व सैनिकों एवं परिषद के पदाधिकारियों के बीच आयोजित इस राष्ट्रीय बैठक में कोण्डागांव जिले के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. चतुर्वेदी पुनः मनोनीत अधिवेशन में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. चतुर्वेदी (पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम), पालक अधिकारी प्रदीप जोशी, केंद्रीय पदाधिकारी तथा विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. चतुर्वेदी को आगामी तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

राष्ट्र निर्माण और सुरक्षा को लेकर हुआ व्यापक मंथन : राष्ट्रीय अधिवेशन का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा और समाज सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूर्व सैनिकों के अनुभव एवं सेवा भावना का देशहित में उपयोग करने पर विचार–विमर्श करना रहा। बैठक में परिषद के संगठनात्मक विस्तार, पूर्व सैनिकों एवं मातृशक्ति को अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने तथा सेवा गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

साइबर सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर किया मंथन



कोण्डागांव से ये पदाधिकारी रहे शामिल

राष्ट्रीय अधिवेशन में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ के महामंत्री किशोरी लाल साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, कोण्डागांव जिला उपाध्यक्ष अजमेर लकड़ा, सदस्य रतिराम सोरी एवं श्रीकांत तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कनेरी मठ में आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन ने देशभर के पूर्व सैनिकों को एक मंच पर जोड़ते हुए राष्ट्रसेवा, सामाजिक दायित्व और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का अवसर प्रदान किया।

विधायक नीलकंठ टेकाम और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

सेवा संकल्प अभियान के तहत बेड़मा में लगा जिला स्तरीय जनसमस्या शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

सेवा संकल्प अभियान के तहत केशकाल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बेडमा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में तथा जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को उनके क्षेत्र में ही सुनना तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनका निराकरण सुनिश्चित करना रहा। शिविर में ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पेयजल, राजस्व, राशन, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, वनाधिकार सहित विभिन्न विषयों से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अलग-अलग विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए।



ग्रामीणों से सीधे संवाद

जनसमस्या शिविर में विधायक नीलकंठ टेकाम एवं कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों और समस्याओं के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली गई। जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव थी, उनमें मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए गए, जबकि अन्य प्रकरणों को संबंधित विभागों को नियमानुसार निराकरण के लिए भेजा गया। शिविर के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि वे अपनी समस्याओं को लेकर किसी तरह की परेशानी न उठाएं तथा प्रशासन द्वारा आयोजित ऐसे शिविरों का लाभ उठाते हुए अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत करें। प्रशासन की ओर से प्राप्त आवेदनों की जांच कर पात्रतानुसार कार्रवाई करने की बात कही गई।

विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा

विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य शासन की योजनाओं और प्रशासनिक सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना है। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान केवल कार्यालयों तक सीमित न रहे, बल्कि प्रशासन स्वयं ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचे, इसी उद्देश्य से इस तरह के जनसमस्या शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को दूर स्थित कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने दिए अधिकारियों को निर्देश

जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्या शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सीधे सुना जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में मौके पर समाधान संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए तथा जिन प्रकरणों में जांच या अन्य विभागीय प्रक्रिया आवश्यक है, उनमें भी समयबद्ध कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि पात्र हितग्राही आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करें।

विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए। यहां ग्रामीणों को शासन की योजनाओं, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य, राजस्व, विद्युत सहित अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने ग्रामीणों से संवाद किया।

तेज रफ्तार बाइक ट्रक से टकराई दो युवक घायल, ट्रक चालक फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 स्थित रांधना मोड़ पर हुए सड़क हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में तेज रफ्तार बाइक और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर साफ दिखाई दे रही है। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से की सावधानी की अपील

फरसगांव थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास ने वाहन चालकों से मुख्य मार्ग पर पहुंचते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़क से निकलकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचने वाले वाहन चालकों को बेहद सतर्क रहना चाहिए। सड़क पर छोटी सी लापरवाही भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। फिलहाल फरसगांव पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

टक्कर के बाद सड़क पर गिरी बाइक सीसीटीवी के आधार पर ट्रक की तलाश

सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि तेज रफ्तार बाइक ट्रक से जा टकराई। टक्कर के बाद बाइक सड़क पर गिर गई और दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस अब सामने आए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार ट्रक और उसके चालक की पहचान करने में जुटी है। पुलिस द्वारा ट्रक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं व सेवाओं से 199 हितग्राही हुए लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

कलेक्टर नम्रता जैन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उनके निकटतम स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज छोटेडोंगर में विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 47 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राशन कार्ड से संबंधित 39 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा 18 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 35 हितग्राहियों को पक्के आवास की चाबी सौंपी गई।

कृषि विभाग द्वारा फसल बीमा राशि से संबंधित 11 हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। उद्यानिकी विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया तथा श्रम विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को श्रमिक कार्ड प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगन मिलन अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 40 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं के माध्यम से कुल 199 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

हैंडब्रेक नहीं लगाने से लुढ़का ट्रक कार और स्कूटी को लिया चपेट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

नेशनल हाईवे-30 पर अस्पताल चौक के पास रविवार सुबह करीब 10 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बिना हैंडब्रेक लगाए खड़ा एक भारी ट्रक अचानक लुढ़क गया। करीब 100 मीटर तक बेकाबू होकर लुढ़कते हुए ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी कार और स्कूटी को चपेट में ले लिया। हादसे में स्कूटी ट्रक के नीचे दबकर पूरी तरह चकनाचूर हो गई। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, ट्रक क्रमांक सीजी 17 केएन 5024 में पत्थर लोड था। चालक ने इसे केवी जनरल स्टोर के पास सड़क किनारे खड़ा किया और चला गया।

- 100 मीटर तक बेकाबू होकर दौड़ा ट्रक, ट्रांसफॉर्मर से टकराने से बचा, बड़ा हादसा टला

बताया जा रहा है कि ट्रक में हैंडब्रेक नहीं लगाया गया था। इसी दौरान ट्रक अचानक लुढ़कने लगा और ढलान की ओर करीब 100 मीटर तक चलता हुआ अस्पताल चौक पहुंच गया। रास्ते में उसने कार क्रमांक सीजी 27 एम 7702 और स्कूटी क्रमांक सीजी 27 एम 2378 को अपनी चपेट में ले लिया।



ट्रांसफॉर्मर से टकराने से बाल-बाल बचा

बेकाबू ट्रक अस्पताल चौक स्थित हितेश ऑटो और कमल मेडिकल स्टोर के सामने नाली के ऊपर जाकर फंस गया। इसी स्थान के पास सड़क किनारे ट्रांसफॉर्मर भी लगा हुआ था। गनीमत रही कि ट्रक ट्रांसफॉर्मर से नहीं टकराया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

मौके पर लगा जाम, पुलिस ने संभाली व्यवस्था

0हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही फरसगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित कर आवागमन सुचारू कराया। इसके बाद कड़ी मशक्कत से ट्रक को मौके से हटाया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

तोतर के ग्रामीणों ने बताई समस्याएं, लीगल एड क्लिनिक ने दिखाई समाधान की राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव खिलावन राम रिगरी के नेतृत्व में 60 दिवसीय मेगा ड्राइव अभियान के तहत ग्राम पंचायत तोतर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में विशेष जागरूकता एवं जनसमस्या समाधान शिविर आयोजित किया गया।

ग्रामीण क्षेत्र तक न्याय की पहुंच बढ़ाने की पहल

60 दिवसीय मेगा ड्राइव के अंतर्गत आयोजित यह शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में न्याय एवं विधिक सहायता की पहुंच को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझने, उचित मार्गदर्शन देने और जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।



ग्रामीणों से सीधे संवाद कर जानी समस्याएं

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव की सचिव गायत्री साय ग्राम पंचायत तोतर पहुंचीं। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर गांव की विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उन्होंने संबंधित मामलों में आवश्यक मार्गदर्शन दिया और समाधान के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की जानकारी दी।

निःशुल्क विधिक सहायता की दी जानकारी

शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, उनके कानूनी अधिकारों तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। गायत्री साय ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को न्याय प्राप्त करने में आर्थिक बाधा न हो, इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

शिक्षा, स्वास्थ्य और राशन से जुड़ी समस्याएं भी सुनीं

इस दौरान ग्रामीणों से शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन, श्रमिक हित, महिला एवं बाल अधिकार सहित अन्य शासकीय सेवाओं से संबंधित समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। प्राप्त समस्याओं के संबंध में ग्रामीणों को उचित प्रक्रिया तथा संबंधित विभाग से संपर्क करने के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

शिविर में सहायक विकास विस्तार अधिकारी आर.के. कुंजाम, ग्राम पंचायत सरपंच, पैरालीगल वॉलिंटियर्स सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पेज 09 के शेष...

सड़क और फुटपाथ पर...

के आवागमन में परेशानी पैदा करने वाले दुकानदारों और मकान मालिकों के खिलाफ नोटिस जारी कर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शहर के विभिन्न हिस्सों में सड़क किनारे दुकान लगाने, दुकान का सामान फुटपाथ तक फैलाने तथा निजी उपयोग के लिए सार्वजनिक स्थान घेरने वाले लगभग 58 संबंधितों को नोटिस दिया गया है। यातायात की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शहर की सड़कों और फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त रखना तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना है। कई स्थानों पर दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने सामान, स्टैंड, टेबल, ठेले अथवा अन्य सामग्री सड़क और फुटपाथ तक फैलाए जाने से आवागमन का रास्ता संकरा हो जाता है। इससे वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

सड़कों से गौशाला पहुंचाए...

के दौरान नगर की सड़कों और खेतों में घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर गौशाला पहुंचाया गया। इस कार्य में नरहरपुर प्रखंड बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय सहयोग किया। कार्यकर्ताओं ने सड़क एवं खेतों में घूम रहे मवेशियों को चिन्हित कर उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था की। अभियान का उद्देश्य सड़क पर मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने के साथ किसानों की फसलों को नुकसान से बचाना भी रहा। विशेषकर रात के समय सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने या दुर्घटना का सामना करने की स्थिति बनती थी। अभियान के दौरान कुछ गौप्रेमी भी आगे आए और मवेशियों की जिम्मेदारी लेने की इच्छा जताई। कुछ मवेशियों को गौप्रेमियों ने अपने घर ले जाकर उनके चारा-पानी, देखभाल और पालन-पोषण की जिम्मेदारी संभाली।

सेहत के साथ डिजिटल दक्षता...

पुलिसिंग कार्यों में तकनीक के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

टेलीग्राम पर निवेश...

कथित मुनाफे की रकम। लगातार रकम मांगने और भुगतान के बाद भी कोई लाभ नहीं मिलने पर युवक को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद उसने थाना चारामा पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ ऑनलाइन फ्रॉड, ठगी और धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस द्वारा लेन-देन से जुड़े बैंक खातों, यूपीआई आईडी और अन्य डिजिटल माध्यमों की जानकारी जुटाई जा रही है।

तेज रफ्तार बोलेरो...

दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में मदद की। शासकीय कोमलदेव अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उपेन्द्र विश्वकर्मा और राजकुमार भास्कर की स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर कर दिया। दोनों का रायपुर के हायर सेंटर में उपचार जारी है। वहीं हिमधर पोटाई का उपचार कांकेर के शासकीय कोमलदेव अस्पताल में किया गया। हादसे में मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना की शिकायत मिलने पर कांकेर पुलिस ने बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 8225 के चालक के खिलाफ धारा 125(ए) और 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

आत्मविश्वास और शानदार प्रस्तुति के दम पर हासिल की जीत, छत्तीसगढ़ का बढ़ाया मान

मॉडलिंग व प्रतिभा प्रदर्शन में सविता को मिला फर्स्ट विनर का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

स्थानीय प्रतिभा ने एक बार फिर अपनी पहचान प्रदेश से बाहर तक बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। कांकेर की सविता चौरसिया ने आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन करते हुए फर्स्ट विनर का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में टीवी इंडस्ट्री से जुड़ी चर्चित अभिनेत्री निधि उत्तम के साथ सुपर मॉडल एवं वीआईपी गेस्ट की मौजूदगी ने आयोजन को खास बना दिया। सविता की इस उपलब्धि से उनके परिजनों, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार लगभग दो सप्ताह पहले लखनऊ में आयोजित मॉडलिंग और प्रतिभा प्रदर्शन से जुड़े प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें कांकेर की सविता चौरसिया ने अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और शानदार प्रस्तुति से निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले के बीच उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करते हुए फर्स्ट विनर का खिताब हासिल किया। उनकी इस सफलता को कांकेर ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात बताया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सविता के प्रदर्शन की सराहना की गई और उन्हें विजेता के रूप में सम्मानित किया गया। सविता चौरसिया की इस उपलब्धि ने यह साबित किया है कि छोटे शहरों और स्थानीय क्षेत्रों में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यदि उन्हें उचित मंच और अवसर मिले तो वे बड़े मंचों पर भी अपनी प्रतिभा का प्रभाव छोड़ सकते हैं। सविता की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का संदेश भी है कि मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के दम पर किसी भी बड़े मंच पर सफलता हासिल की जा सकती है।



खबर संक्षेप

सफाई मित्रों का सम्मान रंगोली विजेता बच्चे पुरस्कृत



गीदम। नगर पंचायत गीदम में गांधी जयंती पर संकल्प सेवा अभियान के तहत सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शहर को साफ रखने वाली स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों की सराहना करते हुए उन्हें सुरक्षित कार्य के लिए पीपीई किट व सुरक्षा सामग्री बांटी गई। साथ ही स्वच्छ रंगोली प्रतियोगिता के विजेता स्कूली बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वच्छता के सपनों को साकार करने के लिए सभी को जागरूक होना होगा। सफाई मित्रों का सम्मान हम सभी का कर्तव्य है। उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता ने भी नागरिकों से गीदम को सुंदर बनाने में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता की शपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर समस्त पार्षद, एल्डरमैन, स्कूल के शिक्षक, नगर पंचायत के कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

बारसूर को हराकर नारायणपुर बना पर्यटन फुटबॉल कप का विजेता



गीदम। बारसूर कन्या विद्यालय स्टेडियम में खेले गए पर्यटन फुटबॉल कप के फाइनल में नारायणपुर ने बारसूर-ए को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। स्थानीय युवाओं द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में पांच जिलों की कुल 18 टीमों ने भाग लिया था। विजेता नारायणपुर को 30 हजार रुपये व ट्रॉफी और उपविजेता बारसूर-ए को 15 हजार रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई। मैच के दौरान मुख्य अतिथि खेल अधिकारी प्रदीप सिंह सहित सुदरू नेताम, नरेंद्र कुमार नाग, पुरुषोत्तम यादव, हेमंत नेगी, विजय मरकाम, रयतू राम मंडावी, बंशी लाल कर्राम और विष्णु नुरेटी उपस्थित रहे।

241 बटालियन मुख्यालय में रोपे गए फलदार और औषधीय पौधे, सुरक्षा की ली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

सेडवा में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के साथ 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े का समापन



पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए पिछले दो सप्ताह से संचालित 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का समापन हो गया। गांधी जयंती के अवसर पर 241 बटालियन मुख्यालय सेडवा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के साथ इस पखवाड़े का भव्य समापन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों, स्थानीय नागरिकों, युवाओं और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी-अपनी माँ के नाम पर पौधे रोपे। कार्यक्रम के दौरान नीम, पीपल, बरगद, आम और आंवला जैसे कई फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने केवल पौधे लगाने पर ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ली।

इस विशेष अभियान में जगदलपुर रोटरी क्लब के सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर पौधरोपण किया। कार्यक्रम में कमांडेंट हरविंदर सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी संजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी निरंजन कुमार निराला, उप कमाण्डेन्ट प्रमोद कुमार मीणा मौजूद रहे। वहीं जगदलपुर रोटरी क्लब से प्रेसिडेन्ट मनोज जॉर्ज थॉमस, गवर्नर नवीन भावसार, पौधरोपण अभियान के सभापति कुलजीत सिंह सहित रोटरी क्लब के सदस्य, 241 बस्तरिया बटालियन के सभी अधीनस्थ अधिकारी, जवान एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मां और प्रकृति जीवन का आधार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और कमाण्डेन्ट हरविन्दर सिंह ने कहा, माँ और प्रकृति दोनों ही हमारे जीवन का आधार हैं। माँ हमें जन्म देकर हमारा पोषण करती है, और प्रकृति यानी धरती मां हमें जीवन भर सांसें और संसाधन प्रदान करती है। अपनी माँ के नाम पर एक पौधा लगाना न केवल प्रकृति को बचाने का प्रयास है, बल्कि यह हमारी माँ के प्रति हमारी अटूट श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक भी है। पर्यावरण संरक्षण का यह छोटा सा प्रयास हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ कल का निर्माण करेगा।

मकानों व गृहस्थी के नुकसान का तत्काल मुआवजा देने के निर्देश

बाढ़ प्रभावित बड़े चकवा, मधोता और बोदरा पहुंचे विधायक, पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड



बस्तर विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के बाद आई भीषण बाढ़ से ग्रामीण क्षेत्रों में हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। बाढ़ के कारण उजड़े आशियानों और तबाह हुई गृहस्थी का जमीनी स्तर पर जायजा लेने के लिए बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता

- उपनेता प्रतिपक्ष ने राहत शिविरों और प्रभावित मोहल्लों में घर-घर जाकर जाना हाल

प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने ग्राम पंचायत बड़े चकवा, मधोता और बोदरा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सघन दौरा किया। उन्होंने प्रभावित गांवों के राहत शिविरों में पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और प्रभावित मोहल्लों में घर-घर जाकर बाढ़ से हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी ली। विधायक ने मौके पर मौजूद राजस्व अमले को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रभावित परिवार की वास्तविक क्षति का तत्काल आकलन कर नियमानुसार मुआवजा प्रकरण तैयार किया जाए।

सामान निकालने तक का नहीं मिला समय

लखेश्वर बघेल ने अपने दौरे की शुरुआत सबसे पहले ग्राम पंचायत बड़े चकवा के राहत शिविर से की। शिविर में शरण लिए हुए बाढ़ प्रभावित परिवारों ने रो-रोकर अपनी आपबीती सुनाई। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ का पानी इतनी तेजी से बढ़ा कि उन्हें अपने घरों से सुरक्षित निकलने के अलावा गृहस्थी का सामान निकालने तक का पर्याप्त समय नहीं मिल सका। बरसों की मेहनत और जमा पूंजी से खड़ा किया गया उनका आशियाना पलभर में जलमग्न होकर क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ितों की व्यथा सुनकर विधायक ने मौके पर ही मौजूद पटवारी से चर्चा की और कड़े निर्देश दिए कि पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों तथा अन्य घरेलू नुकसान का निष्पक्ष आकलन कर मुआवजा प्रकरण अविलंब तैयार किया जाए।

मंजर देखकर अपना दर्द बयान नहीं कर सकता

बाढ़ प्रभावितों के बीच चर्चा के दौरान विधायक लखेश्वर बघेल काफी भावुक नजर आए। उन्होंने भरे गले से कहा, ₹बाढ़ ने लोगों से केवल उनके मकान ही नहीं छीने, बल्कि उनके जीवनभर की जमा पूंजी भी बर्बाद कर दी है। मैं इस भयानक मंजर को देखकर अपना दर्द शब्दों में बयान नहीं कर सकता। मेरे विधानसभा क्षेत्र की जनता इस समय भीषण कठिनाइयों का सामना कर रही है, जिसे देखकर मैं बेहद दुखी हूं। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि जिन परिवारों के घर पूरी तरह उजड़ गए हैं, उनके सामने जीवन को दोबारा पटरी पर लाने की बड़ी चुनौती है। इसलिए प्रशासन को मानवीय संवेदना के साथ इस स्थिति को गंभीरता से लेना चाहिए।

माटापारा और बोदरा में मलबे में दबी गृहस्थी

इसके बाद विधायक ग्राम पंचायत मधोता के माटापारा और भाटापारा मोहल्ले पहुंचे, जहां उन्होंने प्रभावितों के घर-घर जाकर नुकसान देखा। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ का पानी घरों में घुसने से मिट्टी के मकान ढह गए हैं और अनाज सहित सारा सामान नष्ट हो गया है। ग्राम पंचायत बोदरा में भी स्थिति वैसी ही मिली, जहां कई मकान गिर चुके थे और गृहस्थी का सामान मलबे में दबा हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व अमला मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जायजा ले चुका है। इस पर विधायक ने मधोता के पटवारी से दूरभाष पर चर्चा कर स्पष्ट कहा कि सर्वे प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभावितों को तत्काल राहत और उचित मुआवजा दिलाना प्रशासन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

ये रहे उपस्थित

इस पूरे दौरे के दौरान विधायक के साथ बस्तर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, मानसिंह कवासी, लखेश्वर कश्यप, चईत राम कश्यप, पूरन कश्यप, लूमकरण जैन, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, शिवनाथ, फरशु मांझी, जयदेव, जनक कश्यप, कमलकिशोर कश्यप, रामनाथ कश्यप, महादेव बघेल, कचरु राम, सोमारु पटेल, लैखन, मंगतू कश्यप, त्रिनाथ मौर्य, बूंजू मौर्य, लखमू मौर्य सहित समस्त स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डिस्पैच क्षमता मजबूत करने नए उपकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

एनएमडीसी लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ स्थित अपने बचेली कॉम्प्लेक्स में मटेरियल हैंडलिंग उपकरणों और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ कन्वेइंग सिस्टम और अयस्क लोडिंग व्यवस्था का उन्नयन किया है।

एनएमडीसी के निदेशक (उत्पादन) जयदीप दासगुप्ता ने

- एनएमडीसी ने अब लौह अयस्क की होगी तेज हैंडलिंग

बचेली कॉम्प्लेक्स की फाइन्स साइडिंग में 3000 टीपीएच क्षमता वाले वैगन लोडर, 3200 टीपीएच क्षमता वाले रिक्लेमर और 3000 टीपीएच क्षमता वाले स्टैकर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बचेली कॉम्प्लेक्स के उत्पादन प्रमुख, अधिशासी निदेशक (पीसी) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

अत्याधुनिक, मशीनीकृत और अत्यधिक स्वचालित वैगन लोडिंग प्रणाली से पुराने उपकरणों की तुलना में लोडिंग दक्षता और परिचालन विश्वसनीयता में सुधार होगा। 3000 टीपीएच की क्षमता वाला नया वैगन लोडर लौह अयस्क की तेज हैंडलिंग और लोडिंग को सक्षम बनाएगा। इससे रेक के ठहराव (डिटेंशन) और उससे जुड़ी डिमरेज लागत में कमी आएगी तथा अधिक मात्रा में अयस्क के डिस्पैच में मदद मिलेगी।

कंपनी ने उन्नत डाउनहिल कन्वेइंग सिस्टम को भी आरंभ किया है। इससे पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित खनन स्थलों से लोडिंग और प्रसंस्करण सुविधाओं तक लौह अयस्क पहुंचाने की क्षमता और दक्षता में वृद्धि होगी। उन्नत प्रणाली न केवल लौह अयस्क की आवाजाही को अधिक प्रभावी बनाएगी, बल्कि इस महत्वपूर्ण परिवहन कड़ी में उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने में भी मदद करेगी। साथ ही, इससे बचेली कॉम्प्लेक्स की समग्र मटेरियल हैंडलिंग क्षमता को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर जयदीप दासगुप्ता ने कहा, "नया वैगन लोडर, रिक्लेमर, स्टैकर और उन्नत डाउनहिल कन्वेइंग सिस्टम बचेली में मटेरियल हैंडलिंग और डिस्पैच की दक्षता में सुधार करेंगे। तेज रेक लोडिंग से डिटेंशन और डिमरेज को कम करने में मदद मिलेगी तथा अधिक मात्रा में अयस्क की निकासी संभव होगी। ये सुधार 2030 तक 100 एमटीपीए के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ते हुए हमारी निरंतर उत्पादन वृद्धि में योगदान देंगे।

छिन्दबहार स्कूल स्टाफ ने गरावण्डकला के 50 बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दबहार (दरभा) के स्टाफ ने बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत गरावण्डकला (जगदलपुर) के भाटागुड़ा एवं कुकड़ीगुड़ा पारा पहुंचकर 50 परिवारों को 50 कंबल, 50 चटाई और आवश्यक राहत सामग्री का वितरण किया। शिक्षकों ने कहा कि बाढ़ से हुआ नुकसान बेहद दर्दनाक है और संकट के समय जरूरतमंदों के साथ खड़ा होना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। विद्यालय परिवार की इस मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। इस सेवा कार्य का नेतृत्व व्याख्याता बुधराम कश्यप ने किया। इसमें व्याख्याता दीनबंधु नाग, मनोहर सिंह बरनाला, कृष्ण कुमार मौर्य, दिनेश नाग (सहायक ग्रेड 3) और पूर्व शाला नायक मुकेश कश्यप शामिल रहे। राहत सामग्री वितरण में गरावण्डकला सरपंच दयाराम कश्यप, जिला रेडक्रॉस समिति सदस्य अलेक्जेंडर चेरियन, वीडी ब्लॉग के संस्थापक विकास दुग्गड़, पंच महेश निषाद, मिनकेतन, संतोष निषाद और सम्पत बघेल का विशेष सहयोग रहा।

सीआरपीएफ 195 बटालियन ने बोल्डली कैंप में किया पौधारोपण

गीदम। गांधी जयंती पर सीआरपीएफ 195 बटालियन द्वारा बोल्डली कैंप में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। दंतेवाड़ा के अति नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ मोर्चे पर तैनात यह वाहिनी सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक व पर्यावरणीय कार्यों में भी निरंतर भागीदारी कर रही है। कार्यक्रम में कमांडेंट अनिल कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पौधा लगाने के साथ उसकी देखभाल का संकल्प लेना भी जरूरी है। बल के अधिकारी और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधों को संरक्षित रखने की शपथ ली। इस अवसर पर कमांडेंट अनिल कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी विंध रंजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल भारती, उप कमांडेंट संजीव कुमार यादव और सहायक कमांडेंट संजीत कुमार सहित अधीनस्थ अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों को कंबल, राशन और दवाइयां देकर दिया संबल

बस्तर के 22 गांवों में आर्ट ऑफ लिविंग ने बांटी प्रभावितों को बाढ़ राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



पिछले दिनों बस्तर जिले में हुई अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। प्रभावित परिवारों के सामने भोजन, वस्त्र, स्वास्थ्य और दैनिक आवश्यकताओं का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

इस संकट में श्री श्री रविशंकर द्वारा स्थापित 'आर्ट ऑफ लिविंग' के प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों ने प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर राहत कार्य चलाया। अभियान के तहत बोदरा, भेजापदर, अमलाभाटा, कुरुषपाल, लिटिगुड़ा सहित 22 से अधिक गांवों में कंबल, चटाई, मच्छरदानी, सैनिटरी पैड, कपड़े, सूखा राशन और दवाइयाँ बांटी गईं।

संस्था ने बताया कि इस प्रयास का उद्देश्य पीड़ित परिवारों की सहायता करना और समाज में सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना है। संस्था ने राहत कार्य में सहयोग करने वाले सभी सेवाभासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

इस कार्य में गोविंद राव, कमल दुबे, अजय सिंह बैस, संदीप बोरकर, अंकुर अग्रवाल, सोनिया कुशवाह, नीरू मग्गू, विवेक सोनी, कमल नारायण श्रीवास्तव, टिकेंद्र पाण्डे, संजय मिश्रा, कमलेश ठाकुर और हरिवंदु बघेल ने सक्रिय भूमिका निभाई।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



कलार महोत्सव की तैयारी बैठक में महुआ कल्याण बोर्ड गठन की मांग

कांकेर। कलार महोत्सव को लेकर कांकेर में आयोजित बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार से महुआ कल्याण बोर्ड का गठन करने की माँग रखने पर रणनीति तय की गई। आयोजित बैठक में कलार समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले विभिन्न समाजो को सत्ता में भागीदारी देने के लिए आयोग निगम मंडल बनाया गया है, लेकिन कलार समाज की सत्ता में कोई भागीदारी नही है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। कांकेर में आयोजित होने वाली आगामी कलार महासभा में इस मांग को प्रमुखता से रखा जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ के हर जिले में कलार समाज की बाहुलता है लेकिन उपनाम (सरनेम)अलग अलग होने के कारण हमारे समाज के वास्तविक आंकड़े सामने नही हो पाते। दिसंबर माह के अंत में कांकेर में आयोजित कलार महोत्सव को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही अन्य सामाजिक विषयो पर चर्चा की गई।

अतिसंवेदनशील इलाकों में सोनाग्राफी सुविधा मिली ग्रामीणों ने जताई खुशी



कांकेर। कभी माओवादी गतिविधियों से प्रभावित और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र के रूप में पहचाने जाने वाले भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम तरांदुल में अब स्वास्थ्य सेवाओं की नई तस्वीर दिखाई दे रही है। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा सेतु सह मेगा स्वास्थ्य शिविर में पहली बार इस सुदूर पहाड़ी क्षेत्र में सोनोग्राफी मशीन पहुंचाई गई। गांव में ही सोनोग्राफी की सुविधा मिलने से गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों अथवा जिला मुख्यालय तक जाने की परेशानी से राहत मिली। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर कुंदन कुमार की पहल पर आयोजित शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाई गईं। प्रशासन के अनुसार, पहाड़ी एवं सुदूर अंचल में मौके पर सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण पहल है। शिविर में आसपास के गांवों से पहुंचीं 25 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी एवं स्वास्थ्य जांच की गई।

नशा मुक्ति का संदेश लेकर छात्रों ने निकाली रैली, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देने के उद्देश्य से सेजस विद्यालय एवं शाउमाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली में जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के उपाध्यक्ष आनंद तेता भी शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ कदम से कदम मिलाकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

जागरूकता रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति से संबंधित नारे लगाए और आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ उसके परिवार और पूरे समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने लोगों से नशे से दूर



रहकर स्वस्थ एवं बेहतर जीवनशैली अपनाने की अपील की। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आनंद तेता ने कहा कि नशा आज समाज के सामने एक गंभीर चुनौती बन चुका है।

विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रखना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों और शिक्षकों द्वारा निकाली गई यह जागरूकता रैली समाज में सकारात्मक संदेश देने की दिशा में सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना से जोड़ना भी जरूरी है। नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए अभिभावकों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने साथियों और आसपास के लोगों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करने की अपील की।

कार्रवाई : प्रेशर हॉर्न, तेज रफ्तार और खतरनाक ड्राइविंग पर 61,800 समन शुल्क वसूल

यातायात नियमों के पालन पर पुलिस की सख्ती, तीस से अधिक बसों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा विशेष यातायात अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की टीमों द्वारा बसों सहित अन्य वाहनों की जांच कर नियमों का पालन नहीं करने वालों पर जुर्माना लगाया गया।

अभियान के दौरान बसों की जांच में प्रेशर हॉर्न का उपयोग, तेज गति से वाहन चलाना खतरनाक तरीके से ड्राइविंग सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 30 से अधिक बसों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इन मामलों में वाहन चालकों से कुल 61,800 का समन शुल्क वसूल किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च

शराब पीकर वाहन चलाने वाले 8 चालकों पर 80 हजार का जुर्माना



प्राथमिकता देने की हिदायत दी। इसी क्रम में शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले 8 वाहन चालकों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा मामलों में सुनवाई के बाद संबंधित वाहन चालकों पर कुल 80,000 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि नशे की हालत में वाहन चलाना स्वयं चालक के साथ-साथ सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी गंभीर खतरा है। अभियान के दौरान वाहनों में नियम विरुद्ध बहुरंगी लाइट लगाने तथा बिना नंबर प्लेट के मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वालों पर भी कार्रवाई की गई। ऐसे कुल 20 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 16,200 समन शुल्क वसूल किया गया।

यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा का ध्यान रखें, शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं तथा वाहनों में अनधिकृत मॉडिफिकेशन से बचें। पुलिस ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

ट्रकों की सुरक्षा व सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग पर उठे सवाल

- धान मंडी के पास खड़े 12 चक्का ट्रक से बैटरी वायर चोरी
- चोरी को लेकर परिवहन संघ 1 अक्टूबर को सौंप चुका है ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर शहर में खड़े मालवाहक वाहनों से चोरी की घटनाएं लगातार सामने आने के बाद ट्रक मालिकों की चिंता बढ़ गई है। रविवार को भी चोरी की एक घटना सामने आई, जिसमें धान मंडी के बाजू खड़े 12 चक्का ट्रक से अज्ञात चोर बैटरी वायर निकालकर ले गए। घटना के बाद वाहन मालिकों ने पुलिस से चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।

पूर्व पार्षद मनीष एस. ने बताया कि उनका 12 चक्का ट्रक धान मंडी के बाजू खड़ा था। रविवार को जब उन्होंने वाहन की जांच की तो ट्रक से बैटरी का लंबा वायर गायब मिला। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात चोर वाहन के पास पहुंचकर वायर निकालकर ले गए। घटना की जानकारी सामने आने के बाद आसपास खड़े अन्य वाहन मालिक भी सतर्क हो गए हैं। वाहन मालिक ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले भी चोरी की घटना को लेकर थाना में आवेदन दिया गया था।



पार्किंग को लेकर उठे सवाल

चोरी की घटनाओं के बीच ट्रकों की पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी एक अलग सवाल उठ रहा है। शहर में कई वाहन मालिक अपने ट्रकों को निर्धारित या सुरक्षित स्थान पर खड़ा करने के बजाय सड़क किनारे, बाजार क्षेत्र अथवा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर खड़ा कर देते हैं। ऐसे में पुलिस हर सड़क और हर स्थान पर खड़े वाहनों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करेगी, यह भी एक महत्वपूर्ण सवाल है।

दुर्घटना की बनी रहती है संभावना

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई जगह ट्रकों की बेतरतीब पार्किंग के कारण आम लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। सड़क किनारे लंबे समय तक खड़े भारी वाहनों से यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। लोगों का सुझाव है कि परिवहन संघ अपने सदस्यों को सुरक्षित पार्किंग के लिए स्पष्ट व्यवस्था और दिशा-निर्देश जारी करे। परिवहन संघ को भी अपने सदस्यों के वाहनों के लिए सामूहिक पार्किंग या सुरक्षित स्थान की व्यवस्था की दिशा में पहल करनी चाहिए।

कोयलीबेड़ा में सोनोग्राफी सुविधा से महिलाओं को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोयलीबेड़ा जैसे लंबे समय तक नक्सल गतिविधियों से प्रभावित और दूरस्थ क्षेत्र में अब स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच लगातार बढ़ रही है। कलेक्टर कुन्दन कुमार की अभिनव पहल के तहत सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय सेवा सेतु सह मेगा स्वास्थ्य शिविर में पहली बार सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को आवश्यक जांच के लिए कांकेर अथवा अन्य दूरस्थ स्थानों तक जाने की परेशानी से राहत मिली।

कोयलीबेड़ा विकासखंड मुख्यालय में आयोजित इस शिविर में आसपास के गांवों



और सुदूर क्षेत्रों से ग्रामीण पहुंचे। शिविर में कुल 1040 लोगों ने ओपीडी पंजीयन कराया। इनमें 41 लोगों की सोनोग्राफी, 120 लोगों का एक्स-रे और 225 लोगों की रक्त जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर निःशुल्क परामर्श एवं उपचार भी प्रदान किया। ग्राम सुलांगी निवासी मेघरे पोटाई के लिए शिविर में उपलब्ध कराई गई सोनोग्राफी की सुविधा विशेष राहत लेकर आई।

संबलपुर में नवरात्रि की तैयारी तेज बस्तर सेना ने जारी किया कार्यक्रम

भानुप्रतापपुर। ग्राम संबलपुर में शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। बस्तर सेना दुर्गोत्सव समिति द्वारा इस वर्ष नवरात्रि उत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति ने नौ दिनों तक चलने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी कर दी है। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ गांव की सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को मजबूत करना है। समिति के अनुसार 10 अक्टूबर शनिवार को शाम 6 बजे मां दुर्गा की प्रतिमा का भव्य आगमन रॉयल ग्रुप एवं आकर्षक इवेंट के साथ होगा। इसके अगले दिन 11 अक्टूबर रविवार को सुबह 11 बजे घट एवं कलश स्थापना की जाएगी। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन संगीतमय महाआरती, भजन एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए मनोकामना ज्योत कलश की भी व्यवस्था की गई है, जिसमें तेल ज्योत एवं घी ज्योत कलश शामिल हैं।

रामधुनी स्पर्धा के समापन में विधायक आशाराम ने संस्कारों पर जताई चिंता

धनेलीकन्हार। कांकेर विकासखंड के ग्राम रोड़े में 3 अक्टूबर से आयोजित दो दिवसीय रामधुनि प्रतियोगिता का समापन श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। समापन समारोह में विधायक आशाराम नेताम मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने रामधुनि जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की परंपरा को समाज में संस्कार और संस्कृति को जीवित रखने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि पुराने समय में हमारे पूर्वजों ने सोच-समझकर रामधुनि जैसे आयोजनों की



परंपरा शुरू की थी, ताकि आने वाली पीढ़ियां संस्कारों और संस्कृति से जुड़ी रहें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी के ऐसे आयोजनों से जुड़ाव में कमी दिखाई दे रही है, जिसे लेकर समाज को गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

उन्होंने पारंपरिक पहनावे और सामाजिक संस्कारों में आ रहे बदलावों का भी उल्लेख करते हुए चिंता व्यक्त की। विधायक ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों की मांग पर पिछले वर्ष रोड़े से आलवेडा जाने वाले मार्ग में चिनार नदी पर पुल निर्माण की आधारशिला रखी गई थी।

ग्रामीणों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण पर प्रशासन के निर्देश

कांकेर। ग्राम पंचायत चवेला एवं जुड़ेंगे क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा बिजली, सड़क, पेयजल, स्कूल, आंगनबाड़ी सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया गया है। ग्रामीणों द्वारा उठाई गई समस्याओं को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनिकेत अशोक फड़तरे ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं की विभागवार जानकारी संकलित कर संबंधित अधिकारियों से वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट ली जा रही है। स्थानीय स्तर पर निराकरण योग्य समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं, जिन प्रकरणों में तकनीकी स्वीकृति अथवा उच्च स्तर की कार्रवाई आवश्यक है, उन्हें संबंधित विभागों के समक्ष प्रस्तुत कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पेयजल व्यवस्था से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभाग को नल-जल योजना की स्थिति का परीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के परीक्षण एवं आवश्यक सुधार के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

रजिस्ट्री के बाद ऑटोम्यूटेशन माध्यम से नामांतरण की प्रक्रिया स्वयं होगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

संपत्ति की रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए अलग से आवेदन, इंतजार और कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत कम हो जाए, तो नागरिकों के लिए पूरी प्रक्रिया कहीं अधिक सहज हो जाती है। जिले के अभनपुर-सरोना निवासी किसान चंद्रशेखर निषाद ने



पंजीयन व्यवस्था में आए इसी बदलाव को महसूस किया। संपत्ति का पंजीयन होने के बाद ऑटोम्यूटेशन के माध्यम से नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः आगे बढ़ी और उनका नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज हो गया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और वित्त एवं पंजीयन मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में पंजीयन सेवाओं को सरल, सुगम और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए तकनीक आधारित सुधार किए गए हैं।

महर्षि वाल्मीकि कालेज में वाणिज्य परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम एवं एमकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक-वंदन कर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपसी समन्वय, सहयोग एवं महाविद्यालय के प्रति अपनत्व की भावना विकसित करना था।

कार्यक्रम के दौरान वाणिज्य विभाग की वाणिज्य परिषद का गठन भी किया गया। परिषद में मानसिंह नरेटी एमकॉम तृतीय सेमेस्टर को अध्यक्ष, ज्योति विश्वकर्मा एमकॉम तृतीय सेमेस्टर को छात्रा उपाध्यक्ष, सोनू राजपूत बीकॉम पंचम सेमेस्टर को छात्र उपाध्यक्ष तथा धर्मेन्द्र यदु एमकॉम प्रथम सेमेस्टर को सचिव के रूप में सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त, परिषद की कार्यकारिणी में प्रत्येक कक्षा से एक छात्र एवं एक छात्रा को प्रतिनिधि के रूप में शामिल किया गया। कार्यकारिणी के सदस्यों में संगीता हिड़को, लक्ष्मी बोथरा, अंशिका, संदीप, प्रमोद नुरेटी एवं अनिता को शामिल किया गया। वाणिज्य परिषद के गठन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक कौशल एवं रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। परिषद के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

एक वर्ष से लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण पर जोर

एडीजी सिन्हा ने थाना चारामा में अपराध नियंत्रण व जनसुनवाई की प्रकिया परखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

थाना स्तर पर पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में एडीजी विवेकानंद सिन्हा ने अपने द्वारा गोद लिए गए थाना चारामा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक व्यवस्थाओं, अपराध अनुसंधान और लंबित प्रकरणों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने थाना चारामा को उत्कृष्ट एवं आदर्श थाना के रूप में विकसित करने के लिए

उत्कृष्ट थाना मार्गदर्शिका के मानकों को विकसित करने दिए निर्देश

लंबित मामलों के निराकरण पर जोर

एडीजी ने एक वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध अनुसंधान में गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्रवाई भी जरूरी है। गंभीर अपराधों में तत्काल कार्रवाई, लंबित वारंटों के प्रभावी निष्पादन तथा निरोधात्मक कार्रवाई को मजबूत बनाने पर भी उन्होंने विशेष जोर दिया।



फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनें

एडीजी श्री सिन्हा ने थाना स्तर पर जनसुनवाई व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए तथा उसके निराकरण में गुणवत्ता, संवेदनशीलता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित अभियानों एवं प्राथमिकता वाले कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर भी उन्होंने जोर दिया, ताकि आम नागरिकों को पुलिस सेवाओं का बेहतर लाभ मिल सके।

अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस-2025 में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश में 10 वर्ष से अधिक सेवा अनुभव वाले भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों द्वारा एक-एक थाना गोद लेकर उसकी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इस पहल के तहत अधिकारियों द्वारा अपराध नियंत्रण, अनुसंधान की गुणवत्ता, लंबित मामलों का निराकरण, वारंट निष्पादन, सड़क सुरक्षा तथा जनसेवा से जुड़े कार्यों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में एडीजी विवेकानंद सिन्हा ने थाना चारामा का निरीक्षण किया।

